**राजस्थान सरकार**
**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–2) विभाग**

क्रमांकः प.1(1)चिस्वा / ग्रुप–2 / 2020 जयपुर, दिनांक : 14.04.2020

## आदेश

विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण को Pandemic घोषित करने से उत्पन्न स्थिति के परिपेक्ष्य में कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण से बचाव, रोकथाम एवं इसके संक्रमण की श्रृंखला को तोडने हेतु व्यापक लोकहित में राज्य सरकार द्वारा सभी सम्भव प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में यह आवश्यक है कि कोरोना वायरस से संदिग्ध (Suspected) एवं संक्रमित (Positive Symptomatic/ Asymptomatic) मरीजों को अलग–अलग किया जावे। जिससे चिकित्सा तंत्र व संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से समुचित उपयोग किया जा सके। कोरोना वायरस से संक्रमित अधिसंख्य व्यक्तियों में या तो संक्रमण के लक्षण दिखाई नहीं देते है या बहुत हल्के लक्षण दिखाई देते है। ऐसे मरीजों को Dedicated अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं है। अभी तक ऐसे मरीजों को सवाई मानसिंह चिकित्सालय एवं आर. यू. एच. एस. चिकित्सालय में भर्ती में किया जा रहा है। साथ ही अन्य जिलों द्वारा भी कोरोना से संक्रमित लक्षण रहित (Asymptomatic Positive) मरीजों को सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर में रैफर किया जा रहा है।

जयपुर में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की बढती संख्या एवं इससे उत्पन्न स्थिति के परिपेक्ष्य में तथा चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का विवेक पूर्ण एवं अनुकूलतम उपयोग के लिए कोरोना से संक्रमित (Positive) लक्षण सहित (Symptomatic) व लक्षण रहित (Asymptomatic) मरीजों को भर्ती करने के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि:–

1. जयपुर में कोरोना से संक्रमित ऐसे समस्त मरीज जिनमें कोरोना संक्रमण के लक्षण है (Symptomatic and Positive) व ऐसे मरीज जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है तथा किसी अन्य गंभीर बीमारी से भी ग्रसित है, को कोरोना संक्रमण के ईलाज हेतु निम्न Dedicated अस्पताल में भर्ती किया जावे।

ए– सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर
बी–आरयूएचएस चिकित्सालय, जयपुर
सी– महात्मा गांधी चिकित्सालय, सीतापुरा, जयपुर

2. जयपुर में कोरोना से संक्रमित ऐसे समस्त मरीज जिनमें कोरोना संक्रमण के लक्षण नही है (Asymptomatic and Positive) को कोरोना संक्रमण के ईलाज हेतु निम्न अस्पतालों में भर्ती किया जावे।

ए. निम्स मेडिकल कॉलेज, जयपुर
बी. राजकीय जयपुरिया अस्पताल, जयपुर
सी. ईएसआई मॉडल अस्पताल, जयपुर

3. जयपुर में कोरोना संक्रमण के संदिग्ध व्यक्तियों को क्वांरटाईन के लिए आर. यू. एच. एस. नहीं भेजा जाकर अन्य निर्धारित क्वांरटाईन सेन्टरों पर भेजा जाये। इस संबंध में जिला कलेक्टर, जयपुर द्वारा पृथक से व्यवस्था की जा रही है।

4 विभिन्न जिलों से भी कोरोना से संक्रमित लक्षण रहित मरीजों (Asymptomatic Positive) को सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर रैफर नहीं किया जावे। इनका संबंधित जिले के जिला चिकित्सालय में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की गाइड लाईन के अनुसार ईलाज किया जावे।

इस हेतु मरीजों का वर्गीकरण सामुदायिक स्तर पर होने वाले सर्वे के दौरान संबंधित चिकित्सा दल के प्रभारी चिकित्सक अथवा क्षेत्र की संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/डिस्पेन्सरी के चिकित्सक द्वारा तथा क्वांरटाईन संस्थानों में उक्त संस्थान के प्रभारी चिकित्सक द्वारा संलग्न चैक लिस्ट अनुसार किया जायेगा।

14/04/2020

(रोहित कुमार सिंह)
अतिरिक्त मुख्य सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री महोदय।
2. निजी सचिव, मा. मुख्य सचिव महोदय।
3. विशिष्ठ सहायक, मा. चिकित्सा मंत्री महोदय/
4. विशिष्ठ सहायक, मा. चिकित्सा राज्य मंत्री महोदय
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग एवं नोडल अधिकारी कोविड—19, जयपुर
7. निजी सचिव, शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग।
8. प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविघालय, जयपुर।
9. प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, निम्स मडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जयपुर।
10. समस्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये राज. जयपुर
11. अधीक्षक, राजकीय जयपुरिया अस्पताल, जयपुर।
12. समस्त संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, जोन राज.
13. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राज.
14. समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राज.
15. जन सम्पर्क अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये राज. जयपुर
16. निजी /रक्षित पत्रावली

(संजय कुमार) 14.4.2020
शासन उप सचिव

## CHECK LIST

Clinical decision support system:

HID Number Date of confirmation of test

Laboratory

1. Name of the patient ____________ age ______ gender ___

2. Address ____________________
3. Current history

**History of**

| No of days | Yes / No | Since when |
|---|---|---|
| fever | | |
| Cough | | |
| Breathlessness | | |
| Any other | | |

Clinical examination :

Respiratory rate

- <15/ min -
- 15-30 -
- 30 -

SPo2: -

> 94%,

90-94 and

<90%

**Comorbid conditions**

- Hypertension
- Diabetes Mellitus
- Chronic heart disease
- Asthma, any other lung disease
- Chronic lung disease
- Any other disease – Kidney disease, etc.

If Respiratory rate is more 15, SPo2 less than 94%

Or More than one comorbid condition Or age more than 60 years refer to Designated Covidhospital or else refer to Designated Covidhospital Care center.